राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक श्री मोहन भागवत मिले

पटना, 23 नवम्बर 2018

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन से आज सुबह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक श्री मोहन भागवत ने राजभवन में मुलाकात की।

राज्यपाल श्री टंडन से आर॰एस॰एस॰ प्रमुख श्री भागवत की यह मुलाकात लगभग दो घंटे तक चली। राज्यपाल श्री टंडन के साथ इस मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय हितों के समसामयिक विषयों पर सार्थक विमर्श हुआ। राज्यपाल ने आर॰एस॰एस॰ प्रमुख को बिहार की गौरवमयी ऐतिहासिक–सांस्कृतिक विरासतों से अवगत कराने के साथ–साथ, राज्य में उच्च शिक्षा के विकास हेतु किए जा रहे सुधारात्मक प्रयासों की भी जानकारी दी। राज्यपाल ने श्री भागवत को बताया कि बिहार के विश्वविद्यालयों में भारतीय इतिहास, संस्कृति और जीवन–मूल्यों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सारगर्भित शिक्षा दी जाती है। श्री टंडन ने उन्हें बताया कि बिहार के विश्वविद्यालयों में 'दीक्षान्त समारोहों' के दौरान भारतीय परिधान धारण करने का प्रावधान कर दिया गया है, जिसपर पूरी तरह अमल हो रहा है।

राजभवन में सरसंघ चालक श्री भागवत को राज्यपाल श्रीटंडन ने अपने द्वारा लिखी गई पुस्तक 'अनकहा लखनऊ' भी भेंट की। राजभवन सरसंघ चालक के साथ क्षेत्र प्रचारक, प्रान्त प्रचारक एवं विभाग प्रचारक भी आए थे।

....